प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 सोमवार** **दिनांक 01.06.2026**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः–**

1– प्रदेश में नगरीय निकायों और त्रिस्तरीय पंचायतों के आम तथा उप निर्वाचन के लिए आज हुआ मतदान।

2– केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज मध्यप्रदेश के रायसेन जिले के रामसिया गांव से राष्ट्रव्यापी 'खेत बचाओ अभियान' का शुभारंभ किया।

3– वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कीमत में बावन रूपए और पांच किलोग्राम के सिलेंडर में साढ़े तेरह रूपए की वृद्धि की गई।

और

4– मौसम विभाग ने प्रदेश के अट्ठारह जिलों में अगले चौबीस घंटों के दौरान तेज हवाओं के साथ वर्षा होने की संभावना जताई।

..........

**त्रिस्तरीय पंचायत उपचुनाव**

प्रदेश में नगरीय निकायों और त्रिस्तरीय पंचायतों के आम तथा उप निर्वाचन के लिए आज मतदान हुआ। राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार नगरीय निकायों में अध्यक्ष के पांच और पार्षद के इकहत्तर पदों के लिए छियानवे मतदान केंद्रों पर मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। वहीं, त्रिस्तरीय पंचायतों में जनपद

पंचायत सदस्य, सरपंच और पंच के कुल एक सौ इंक्यावन पदों के लिए दो सौ चौहत्तर मतदान केंद्रों पर एक लाख से ज्यादा मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

नगरीय निकायों में मतदान सुबह आठ बजे से शाम पांच बजे तक इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मषीन से कराया गया, जबकि पंचायत चुनावों में मतदान सुबह सात बजे से दोपहर तीन बजे तक मतपेटी के माध्यम से हुआ। पंचायत चुनावों की मतगणना मतदान के बाद संबंधित केंद्रों पर ही चल रही है।

**'खेत बचाओ अभियान'**

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज मध्यप्रदेश के रायसेन जिले के रामसिया गांव से राष्ट्रव्यापी 'खेत बचाओ अभियान' का शुभारंभ किया। एक महीने तक चलने वाला यह अभियान देश की कृषि भूमि को बचाने और किसानों को वैज्ञानिक खेती के लिए जागरूक करने की दिशा में एक बड़ी पहल है। समारोह को संबोधित करते हुए केन्द्रीय कृषि मंत्री ने किसानों से खेतों में संतुलित खाद प्रयोग करने की अपील की।

इधर, छत्तीसगढ़ में भी प्राकृतिक खेती और मृदा संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए आज से "खेत बचाओ अभियान" शुरू हो गया है। कृषि मंत्रालय के इस अभियान के तहत किसानों को प्राकृतिक खेती, संतुलित उर्वरक उपयोग और मृदा संरक्षण के प्रति जागरूक किया जाएगा। ग्राम पंचायत, विकासखंड और जिला स्तर पर कृषक संगोष्ठी, कृषि चौपाल और जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कृषि वैज्ञानिक किसानों को रासायनिक उर्वरकों के दुष्प्रभाव तथा प्राकृतिक खेती के लाभों की जानकारी देंगे। अभियान के दौरान किसानों को अपनी कृषि भूमि के एक हिस्से में प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए भी प्रेरित किया जाएगा। साथ ही उर्वरकों की कालाबाजारी और जमाखोरी रोकने के लिए निगरानी व्यवस्था को मजबूत किया जाएगा।

**प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना**

प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के छह वर्ष पूरे हो गए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस योजना की सराहना करते हुए कहा कि पीएम स्वनिधि ने बिना गारंटी के ऋण, वित्तीय समावेशन और विकास के नए अवसर खोलकर लाखों रेहड़ी–पटरी वालों के जीवन स्तर में सुधार किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि यह योजना विश्वास, सम्मान और सशक्तिकरण पर आधारित है। वर्ष दो हजार बीस में योजना शुरू होने के बाद से अब तक एक करोड़ बारह लाख से अधिक ऋण दिए गए हैं।

**एलपीजी सिलेंडर–कीमत**

होटल, रेस्तरांओं और अन्य व्यवसायों द्वारा उपयोग किए जाने वाले उन्नीस किलोग्राम के वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में देशभर में वृद्धि की गई है। राजधानी रायपुर में वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कीमत में बावन रूपए की बढ़ोतरी हुई है। अब यह सिलेंडर तीन हजार तीन सौ छियालीस रूपए पचास पैसे में मिलेगा। वहीं, पांच किलोग्राम के सिलेंडर के दामों में तेरह रूपए पचास पैसे की वृद्धि हुई है। अब यह सिलेंडर आठ सौ बयासी रूपए पचास पैसे में उपलब्ध होगा।

**मुख्यमंत्री–सुशासन तिहार**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज सुशासन तिहार के तहत कोंडागांव जिले के ग्राम बड़े कनेरा का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने ज्ञान भारतम् अभियान के तहत संरक्षित लगभग एक सौ पचास वर्ष पुरानी उड़िया भाषा में लिखित प्राचीन पांडुलिपियों का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने इन पांडुलिपियों को सहेजकर रखने वाले परिवारों की प्रशंसा करते हुए कहा कि समाज की भागीदारी के बिना सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण संभव नहीं

है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ज्ञान भारतम् अभियान भारत की बौद्धिक विरासत को सुरक्षित रखने के साथ ही नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने का प्रभावी माध्यम बन रहा है।

वहीं, मुख्यमंत्री ने कोंडागांव जिले के ग्राम पंचायत बड़ेकनेरा में स्थापित अटल डिजिटल सुविधा केंद्र का निरीक्षण भी किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीण डिजिटल सुशासन के अभिनव मॉडल 'सेवा सेतु' की कार्यप्रणाली का अवलोकन किया।

**राज्यपाल–सम्मान**

राज्यपाल रमेन डेका ने आज लोकभवन में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में माना स्थित एसओएस बालिका गृह की बालिकाओं से संवाद किया। इसके साथ ही उन्होंने अंगदान और देहदान का संकल्प लेकर मानवता की सेवा का संदेश देने वाले पचहत्तर नागरिकों को सम्मानित किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि समाज में अंगदान के प्रति जागरूकता बढ़ने से कई जरूरतमंद लोगों को नया जीवन मिल सकता है।

**विभागीय समीक्षा बैठक**

लोक निर्माण विभाग ने मार्च–दो हजार छब्बीस तक स्वीकृत सभी कार्यों के लिए तीस जून तक निविदाएं आमंत्रित करने और इकतीस जुलाई तक कार्यादेश जारी करने के निर्देश दिए हैं। लोक निर्माण विभाग के सचिव मुकेश कुमार बंसल ने आज सभी मुख्य अभियंताओं, अधीक्षण अभियंताओं और कार्यपालन अभियंताओं की बैठक लेकर विभागीय कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सड़क संपर्क परियोजनाओं को अगले वर्ष इकतीस मार्च तक पूरा करने तथा भू–अर्जन से जुड़े मामलों का आगामी तीन से छह माह में निराकरण करने को कहा।

वहीं, पंचायत और ग्रामीण विकास विभाग की अपर मुख्य सचिव ऋचा शर्मा ने नवा रायपुर में विभागीय कार्यों की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने कहा कि आम नागरिकों को विकसित भारत अधिनियम के बारे में पूरी

जानकारी देना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने एक जुलाई से लागू होने वाले इस नए अधिनियम के प्रावधानों और नियमों की जानकारी, समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाने को कहा।

## विश्व तंबाकू निषेध दिवस

विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर प्रदेशभर में नशामुक्ति और जन–जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को तंबाकू और अन्य नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया। इसी कड़ी में सूरजपुर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। अभियान के तहत शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम, संगोष्ठियां और जनसंवाद आयोजित कर लोगों को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी दी गई। थानों में नियुक्त पैरालीगल वॉलेंटियर्स द्वारा विभिन्न स्थानों पर लोगों को तंबाकू सेवन से होने वाली गंभीर बीमारियों और सामाजिक दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों, महिलाओं और युवाओं को नशामुक्त समाज निर्माण की शपथ भी दिलाई गई।

## हिमाचल प्रदेश–हादसा

हिमाचल प्रदेष के चंबा जिले में हुए एक सड़क हादसे में भिलाई के चंद्राकर परिवार समेत आठ लोगों की मौत हो गई। यह हादसा साच पास मार्ग पर हुआ, जहां पर्यटकों से भरी एक कार करीब पांच सौ मीटर गहरी खाई में गिर गई। मृतकों में भिलाई के एक दंपती और उनके दो बच्चे भी शामिल हैं, यह परिवार बेंगलुरु में रह रहा था।

**सट्टा–आरोपी गिरफ्तार**

जुआ और सट्टा के विरुद्ध चलाए जा रहे 'ऑपरेशन अंकुश' के तहत रायगढ़ पुलिस ने आईपीएल फाइनल मुकाबले के दौरान ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा संचालित करने वाले एक संगठित गिरोह का पर्दाफाश करते हुए दो सटोरियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से मोबाइल फोन, नोट गिनने की मशीन तथा सट्टे की रकम से जुड़े इकतीस लाख निन्यानवे हजार रुपये नकद बरामद किए गए हैं।

**मौसम**

मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान सुकमा, बीजापुर, बस्तर सहित दक्षिण छत्तीसगढ़ के जिलों के साथ ही महासमुंद, रायगढ़, बिलासपुर, कोरबा, सरगुजा सहित प्रदेश के अट्ठारह जिलों में तेज हवा के साथ वर्षा होने की संभावना जताई है। मौसम विभाग ने इन जिलों के लिए यलो अलर्ट जारी किया है। इसके चलते इन स्थानों में तापमान में थोड़ी गिरावट आ सकती है।

**संक्षिप्त समाचार**

– प्रदेष के पुलिस महानिदेषक अरुणदेव गौतम ने धमतरी जिले में 'पुलिस की पाठषाला' का लोकार्पण किया। 'पुलिस की पाठषाला' में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी से जुड़ी किताबें निःषुल्क उपलब्ध कराई गई हैं।

– सुशासन तिहार के तहत आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में आम जनता से अशिष्ट व्यवहार और कर्तव्य में लापरवाही बरतने के आरोप में जनपद पंचायत दुर्ग के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रूपेश कुमार पाण्डेय को निलंबित कर दिया गया है।

–	रायगढ़ जिले में मांड नदी में डूबने से एक हाथी के बच्चे की मौत हो गई है। यह घटना खरसिया रेंज के अंतर्गत मांड नदी के गुर्दा गांव के पास की है।

और

–	कांकेर जिले की पुलिस ने अंतर्राज्यीय चोर गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से लगभग तैंतीस लाख रूपए कीमत का चोरी का सामान और वाहन बरामद किया गया है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>